# NCRES

## NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

**R. P. Singh**
*Gen. Secretary*
*&*
*Joint Gen. Secretary-NFIR*

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 187/NCRES/71/85/23 Date : 19.9.2023

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः– प्रयागराज में बन रहे नये रेल आवासो में बड़े साइज के कमरे बनाये जाने के सम्बन्ध में।
संदर्भः– NCRES PNM मद संख्या 22, 23/9/2022

महोदय,

अवगत कराना है कि NCRES ने रेलवे कालोनी का खुला वातावरण एवं हरियाली की पहचान बनाये रखने हेतु टाइप IV रेलवे आवासो को भूमि तल पर बनाये जाने व सभी टाइप के रेल आवासो की साइज बढ़ाने का अनुरोध किया था, इसी के साथ यह भी अनुरोध किया था कि रेल आवासो के समीप बच्चो के खेलने का मैदान, पूजा स्थल एवं कम्यूनिटी हाल भी बनाया जाय।

खेद के साथ अवगत कराना है कि प्रयागराज में बन रहे नये टाइप IV आवास भी मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में बनाये जा रहे है एवं उनका साइज भी काफी छोटा है। NCRES को यह भी जानकारी मिली है कि हाल में बनाये गये नये टाइप III मल्टी स्टोरी आवास के किचन की साइज 4X5 फिट रखी गई है एवं कमरे भी ऐसे है कि एक डबल बेड एवं सोफा एक साथ नही रख सकते है।

NCRES को यह भी अवगत कराना है कि रेलवे बोर्ड द्वारा वर्ष 2013 से विभिन्न टाइप के रेल आवासों की साइज को रिवाईज नही किया गया है एवं वर्तमान समय में मार्केट में 1000 स्क्वायर फीट से छोटे 2BHK आवास भी नही है जब कि रेलवे में इससे काफी छोटे आवास बनाये जा रहे है जिसको लेने में कर्मचारी ज्यादा इच्छुक भी नही है, इस कारण भविष्य में रेल राजस्व की हानि होने की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 26.2.2022 को रेलवे बोर्ड के पूर्व चेयरमैन श्री वी. के. त्रिपाठी के प्रयागराज आगमन पर NCRES ने वार्ता के दौरान अनुरोध किया था कि नये बनाये जाने वाले रेलवे आवासो में बड़े साइज के कमरे बनाये जाय ताकि टाइप II, III व IV के सक्षम कर्मचारी आवश्यक फर्नीचर इत्यादि के साथ रह सके, इस पर माननीय त्रिपाठी जी आवश्यक कार्यवाही किये जाने के लिये आश्वस्त किया था।

अतः NCRES की मांग है कि –

(1) नये बन रहे सभी प्रकार के आवासो की साइज बढ़ाया जाय और कमरो की साइज कम से कम 12X14 फीट रखते हुये किचन की साइज भी 10X10 से कम न हो।

(2) नये बन रहे टाइप IV आवास भूमि तल पर बनाये जाय।

(3) रेल आवासो के समीप कर्मचारियो के बच्चो के खेलने के लिये मैदान, पूजा स्थल एवं कम्यूनिटी हाल बनाया जाय।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– श्रीमान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज